# नालोक्सोन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

Indiana Department of Health

## नालोक्सोन क्या है?

जून 2022

नालोक्सोन, जिसे ब्रांड नाम नारकन भी कहते हैं, एक ऐसी दवा है जो ओपिऑयड का प्रभाव खत्म कर देती है। अधिक मात्रा लेने के लक्षणों वाले भी व्यक्ति को नालॉक्सोन दिया जा सकता है, भले ही आपको पता न हो कि यह ओपिऑयड से है या नहीं। अगर व्यक्ति ने कोई भी ओपिऑयड इस्तेमाल नहीं किया है, तो नालोक्सोन काम नहीं करेगा और इससे कोई अतिरिक्त नुकसान भी नहीं होगा।


## ओपिऑयड अधिक मात्रा में लेने के चिह्न और लक्षण क्या हैं?

ओपिऑयड अधिक मात्रा में लेने वाले पीड़ित व्यक्ति में निम्नलिखित में से कुछ या सभी लक्षण हो सकते हैं:

- असामान्य नींद आना और आप व्यक्ति को जोर से आवाज देकर या उसकी छाती के बीच में मजबूती से रगड़कर भी उसे जगा न पाएं (स्टर्नम)
- धीरे या रुक-रुककर सांस लेने सहित श्वास संबंधी समस्याएं
- आंख के रंगीन हिस्से (पुतली) के केंद्र में काला घेरा संकुचित होना, जिसे कभी-कभी "पिनपॉइंट पुतलियां" भी कहते हैं
- घर्राहट या घुटन की आवाज़ें
- शरीर लड़खड़ाना
- दिल की धड़कन धीमी या रुक जाती है

## *अगर मुझे संदेह हो कि किसी ने ओपिऑयड की अधिक मात्रा ले ली है तो मुझे क्या करना चाहिए?*

1. अपने दवा-विक्रेता और/या नालोक्सोन किट पर स्थित निर्देशों के अनुसार तुरंत नालोक्सोन दें, और 911 पर कॉल करें।
2. अगर आप प्रशिक्षित हैं, तो CPR करें।
3. अगर नालोक्सोन देने के 2-3 मिनट बाद भी कोई फर्क नहीं पड़ता, तो दूसरी खुराक दें।
4. पहले उपचारकर्ताओं के आने तक उस व्यक्ति के साथ रहें।
5. पहले उपचारकर्ताओं को बताएं कि आपने नालोक्सोन दिया है और कब दिया है, और उन्हें खुराक दिखाएं।



## भले ही वह व्यक्ति होश में आ जाए और सांस लेना शुरू कर दें, तो भी क्या मुझे 911 पर कॉल करना होगा?

हाँ, यह ज़रूरी है कि प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर उस व्यक्ति की स्थिति का जायज़ा ले जिसने अधिक मात्रा में दवा का सेवन किया है। अधिक मात्रा में दवा लेने के इलाज के लिए अक्सर, उस व्यक्ति को नालोक्सोन की एक या दो खुराक से अधिक की ज़रूरत होगी। इसके अलावा, कभी-कभी अधिक मात्रा में दवा लेने वाले लोगों में अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं, जैसे दौरे आना, निमोनिया या हृदय की स्थिति गिड़ना, या ओपिऑयड अधिक मात्रा में लेने के अलावा किसी अन्य रोग से पीड़ित हो सकते हैं।

## क्या नालोक्सोन केवल ओपिऑयड के कारण होने वाली अधिक मात्रा के इलाज के लिए काम करता है?

हाँ। नालोक्सोन केवल हेरोइन, मेथाडोन, मॉर्फिन, अफीम, कोडीन और हाइड्रोकोडोन जैसे ओपिऑयड के प्रभावों को खत्म कर देता है। लेकिन, कई लोग जो अधिक मात्रा में दवा ले लेते हैं, उन्होंने ओपिऑयड दर्द निवारक के अलावा कई दवाएं ली होती हैं। अगर आपको नहीं पता कि व्यक्ति ने कौनसी दवाएं ली हैं, तो भी आप नालोक्सोन सुरक्षित रूप से दे सकते हैं। अगर व्यक्ति ने कोई भी ओपिऑयड इस्तेमाल नहीं किया है, तो नालोक्सोन काम नहीं करेगा और इससे कोई अतिरिक्त नुकसान भी नहीं होगा।

## क्या नालोक्सोन आपमें जोश पैदा करेगा या अधिक मात्रा का प्रभाव?

नहीं। ओपिऑयड का प्रभाव खत्म करना ही नालोक्सोन का एकमात्र प्रभाव है। नालोक्सोन कोई ओपिऑयड नहीं है और इसके दुरुपयोग या इस पर निर्भर रहने की कोई संभावना नहीं है। नालोक्सोन पर अधिक मात्रा ले लेना संभव नहीं है।


## मुझे नालोक्सोन कैसे मिल सकती है? क्या मुझे लिखित-निर्देश की ज़रूरत होगी?

आप optin.in.gov पर खोज करके नालोक्सोन (जैसे कि कोई दवा-विक्रेता या आपका स्थानीय स्वास्थ्य विभाग) देने वाले स्थान का पता लगा सकते हैं। लिखित-निर्देश की ज़रूरत नहीं है।

## उपचार संबंधी अतिरिक्त जानकारी

IN.gov/recovery नशे की लत के इलाज के बारे में ढेर सारी जानकारी प्रदान करता है। नीचे सूचीबद्ध संसाधन इसकी सेवाओं की एक छोटी सी झलक पेश करते हैं। अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।

- इंडियाना एडिक्शन हॉटलाइन पर कॉल करें: 1-800-662-HELP (4357) या 2-1-1 पर कॉल करें।
- अपने आस-पास नशे की लत पर किसी उपचार सुविधा का पता लगाने के लिए, FindTreatment.SAMSHA.gov देखें। यहां आप ऐसी सुविधाएं भी पा सकेंगे जो विशेष रूप से ओपिऑयड निर्भरता के इलाज के लिए दवा-सहायता उपचार उपलब्ध कराती हैं।
- इंडियाना में कई समुदाय-आधारित सहायता संसाधन उपलब्ध हैं। इन संसाधनों में परामर्श, विषहरण, स्वास्थ्य देखभाल, आवास, नशीले पदार्थ के उपयोग पर विकार सहायता और सहायक समूह शामिल हैं।



नालोक्सोन पर अतिरिक्त जानकारी के लिए

**OptIN@isdh.in.gov** पर संपर्क करें

Indiana Department of Health